-:प्रेस नोट दिनांक 29.03.25:-
थाना मीरगंज जनपद बरेली ।

थाना मीरगंज व ए.एन.टी.एफ युनिट बरेली द्वारा मादक पदार्थों की तस्करी कर रहे सक्रिय गिरोह के 02 सदस्यों को 05 किलो 480 ग्राम अवैध अफीम (अनुमानित अन्तर्राष्ट्रीय कीमत लगभग 55 लाख रुपये) 02 मोबाईल फोन व एक मोटर साईकिल, एक रेलवे टिकट व 3210/- रुपये सहित किया गया गिरफ्तार।

अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना मीरगंज पुलिस व ए.एन.टी.एफ युनिट बरेली टीम द्वारा मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले गिरोह के 02 सक्रिय तस्कर 1. राजकुमार पुत्र रघुनंदन निवासी ग्राम मानपुर थाना आंवला जनपद बरेली 2. नरेशपाल पुत्र सोहनलाल निवासी ग्राम गौटिया डालचंद थाना सिरौली जनपद बरेली को दिनाक 29.03.2025 को समय करीब 14.28 बजे माया रिसोर्ट से के पास से हुरहुरी चौराहे मार्ग से गिरफ्तार किया गया । अभियुक्तों के कब्जे से 05 किलो 480 ग्राम अवैध अफीम (अनुमानित अन्तर्राष्ट्रीय कीमत लगभग 55 लाख रुपये) व 02 मोबाईल फोन, एक मोटर साईकिल, एक रेलवे टिकट व 3210/- रुपये नगद बरामद कर विधिक कार्यवाही की गयी। इस सम्बन्ध में थाना मीरगंज जनपद बरेली में मु०अ०सं०- 142/2025 धारा-8/18/29/60 एनडीपीएस एक्ट, 1985 का अभियोग पंजीकृत किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के विरुद्ध नियमानुसार विधिक कार्यवाही की गयी।

- **पूछताछ :-**

अभियुक्तों से पूछने पर राजकुमार उपरोक्त ने बताया कि परसों दिनाक 27.3.2025 को मैं श्रमजीवी ट्रेन से शाम 06.00 बजे बरेली जंक्शन से सासाराम बिहार गया था तथा वहाँ पर मुझे एक व्यक्ति मिला जो हमारे एक अन्य साथी महिपाल पुत्र तेजराम निवासी ग्राम कमालपुर थाना अलीगंज जनपद बरेली के संपर्क में फोन के माध्यम से था। महीपाल ने ही मुझे उसके पास जाने को कहा था। महीपाल ने मुझे साढ़े पाँच लाख रूपये दिये थे। जैसे ही मैं सासाराम रेलवे स्टेशन पर पहुँचा महीपाल ने फोन करके उस व्यक्ति को मेरे पास भेज दिया और मैंने उसे पैसों का थैला दिया, बदले में मुझे उसने यह बैग दे दिया। यह बैग लेकर हम दोनों महीपाल के पास महीपाल को देने जा रहे थे, यह मोटर साईकिल देकर महीपाल ने नरेशपाल पाल को मुझे लेने के लिए बरेली भेजा था। आज सुबह लगभग 6.30 बजे ट्रेन बरेली जंक्शन पर आयी थी। जिससे उतरकर मैं एक सूनसान जगह पर नरेशपाल पाल का इंतजार करने लगा, और मौका देखकर तीन चार घंटे बाद नरेशपाल पाल मेरे पास आया तो हम दोनों इस मोटर साईकिल पर बैठकर हुरहुरी के रास्ते महीपाल के पास उसके गाँव कमालपुर जा रहे थे। हम लोग हर बार नया रास्ता चुनते हैं ताकि पुलिस पकड़ ना ले परंतु आपने पकड़ लिया।

- **गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-**

  1. राजकुमार उर्फ डोरी पुत्र रघुनंदन निवासी ग्राम मानपुर थाना आंवला जनपद बरेली उम्र करीब 20 वर्ष ।
  2. नरेशपाल पुत्र सोहनलाल निवासी ग्राम गौटिया डालचंद थाना सिरौली जनपद बरेली उम्र करीब 22 वर्ष।

- **वाछित अभियुक्त-**

  1.महीपाल पुत्र तेजराम निवासी कमालपुर थाना अलीगंज जनपद बरेली।

- **पंजीकृत अभियोग-**

  मु0अ0सं0 142/2025 धारा 8/18/29/60 एनडीपीएस एक्ट थाना मीरगंज जनपद बरेली ।

- **बरामदगी -**

  05 किलो 480 ग्राम अवैध अफीम (अनुमानित अन्तर्राष्ट्रीय कीमत लगभग 55 लाख रुपये) व 02 अदद मोबाईल फोन व एक अदद मोटर साईकिल व एक अदद रेलवे टिकट व 3210/- रुपये नगद बरामद

- **पुलिस टीम थाना मीरगंज -**

  1. उ0नि0 श्री सूरजपाल सिंह चौकी प्रभारी लाभारी थाना मीरगंज जनपद बरेली ।
  2. उ0नि0 श्री अरून कुमार थाना मीरगंज जनपद बरेली ।
  3. का0 2771 अभिषेक सोम थाना मीरगंज जनपद बरेली ।

- **ए.एन.टी.एफ युनिट बरेली -**

  1. प्रभारी उ०नि० श्री विकास यादव तैनाती ए.एन.टी.एफ. यूनिट बरेली
  2. हे0का0 दिनेश कुमार तैनाली ए.एन.टी. एफ. मुख्यालय लखनऊ
  3. का0 2816 सौरभ चौधरी एएनटीएफ यूनिट बरेली
  4. का0 रसबिन्द्र चौधरी ए.एन.टी.एफ. यूनिट बरेली श
  5. का0 विनीत कुमार ए.एन.टी. एफ. यूनिट बरेली
  6. का० अंकित यादव ए.एन.टी.एफ. यूनिट बरेली
  7. म0का0 छाया ए.एन.टी.एफ. यूनिट बरेली
  8. का0 1143 कुश कुमार एएनटीएफ यूनिट बरेली
  9. का० मोहित कुमार एएनटीएफ यूनिट बरेली